




# अंतिम दर्शन के लिए व्याकुल दिखे लोग



आर्चबिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोग दिन के 12:00 बजे से ही लंबी कतार लगाकर खड़े नजर आए। उनके अंतिम दर्शन करने का बेसब्री से इंतजार लोगों की आंखों में साफ दिख रहा था। इन कतारों में बच्चे, बूढ़े, बुजुर्ग सभी शामिल थे। हाथों में तख्तियां और फूल लिये सभी कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का अंतिम दर्शन करने को व्याकुल थे। आम लोगों के अलावा संत जेवियर कॉलेज, संत अन्ना स्कूल, उर्सलाइन कॉन्वेंट, सदर अस्पताल के कर्मी व मिशनरीज ऑफ चैरिटी की सिस्टर नजर आई। जैसे-जैसे शव यात्रा महागिरजाघर की ओर बढ़ रही थी लोग इस यात्रा का स्वागत फूलों से कर रहे थे।

## आज सभी मिशनरी स्कूल बंद रहेंगे

**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो का आज उनका दफन संस्कार होगा। इसको लेकर राज्य के मिशनरी स्कूलों में आज छुट्टी रहेगी। झारखंड खीस्तीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान के सचिव फादर एरेसियुस मिंज ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी है। रोमन कैथोलिक द्वारा संचालित सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय में फादर और सिस्टर के द्वारा पठन-पाठन का कार्य किया जाता है। इसे देखते हुए अवकाश की घोषणा की गयी है।



## शोक संवेदनाओं का लगा रहा तांता



रांची के सहायक बिशप, थियोडोर मैस्करेनहास ने बयान जारी कर कहा कि आर्चडीओसीज के कैथोलिक छोटानागपुर चर्च के विकास में उनके अपार योगदान के लिए हमेशा उनके आभारी रहेंगे। जीईएल चर्च के विशप जॉनसन लकड़ा एमरटस ने कहा कि कॉर्डिनल के देहांत से ईसाई समाज ही नहीं बल्कि झारखंड की क्षति हुई है। परमेश्वर उनके पूरे कलिसिया और परिवार को शांति प्रदान करे। वहीं आर्च विशप राजीव सतीश टोप्पो ने कहा कि मसीही समुदाय के लिए यह अपूरणीय क्षति है। उनका कार्य और जीवनशैली तथा गरीबों के लिए उनके किए गये कार्य हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने कहा कि कार्डिनल तेलेस्फोर पलासीडीयूस टोप्पो प्रभु को प्यारे हो गए। कलीसिया समाज आपके महान योगदान को कभी नहीं भूल सकता। आपके जैसा महान न कोई था और न कोई होगा।

**पोप फ्रांसिस ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर जताया दुख, भेजा संदेश**

# कार्डिनल की वर्षों की समर्पित पुरोहिताई के लिए कृतज्ञता प्रकट करता हूं : पोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पोप फ्रांसिस ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो टोप्पो की मृत्यु की भारतीय चर्च के अधिकारियों द्वारा घोषणा के बाद संवेदना का एक शोक संदेश टेलीग्राम के माध्यम से भेजा है। पोप फ्रांसिस ने अक्टूबर को आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो को संवेदना व्यक्त करते हुए एक टेलीग्राम भेजा है। जिसमें कहा है कि उन्हें डायोसीज के कार्डिनल एमेरिटस, तेलेस्फोर टोप्पो की मृत्यु पर दुख हुआ है। अपने संदेश में, पोप ने लिखा है कि वह कार्डिनल एमेरिटस की महान आत्मा, हमारे स्वर्गीय पिता, भगवान की अनंत दया के लिए महान आत्मा की सराहना करने में उनके साथ शामिल होते हैं।



उन्होंने लिखा, मैं दिवंगत कार्डिनल की वर्षों की समर्पित पुरोहिताई और एपिस्कोपल मंत्रालय के साथ-साथ दुमका और रांची के स्थानीय चर्चों के लिए भारत में व्यापक चर्च और अपोस्टोलिक सी में उनके योगदान को बहुत कृतज्ञता के साथ याद करता हूं। उन्होंने कार्डिनल टोप्पो के निधन पर शोक व्यक्त करने वाले सभी लोगों को आश्वासन देते हुए टेलीग्राम का समापन किया और उन्होंने प्रभु में सांत्वना और शांति की प्रतिज्ञा के रूप में अपना आशीर्वाद दिया है।

## दफन क्रिया में शामिल होंगे वेटिकन सिटी के राजदूत के प्रतिनिधि केविन

**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के अंतिम संस्कार में कई आर्चबिशप और बिशप शामिल होंगे। इनमें वेटिकन के राजदूत के प्रतिनिधि फादर केविन जस्टिन किमटिंस भी शामिल होंगे। बिशप थियोडोर मास्करेन्हास ने बताया कि कोलकाता के आर्चबिशप थॉमस डिसूजा, दिल्ली के बिशप दीपक वेलेरियन ताऊरो, पोर्ट ब्लेयर के बिशप विश्वासम सेल्वाराज, अगरतला के बिशप ल्यूमेन मोंटेरियो, रायगढ़ के बिशप पॉल टोप्पो, कटक-भुवनेश्वर के आर्चबिशप जॉन बरवा, पटना के आर्चबिशप सेबेस्टियन कलुपुरा, जसपुर के बिशप इमानुएल केरकेट्टा, रायपुर के आर्चबिशप विक्टर हेनरी ठाकुर, अंबिकापुर के बिशप अंटोनिस बाड़ा, अंबिकापुर के पूर्व बिशप पतरस मिंज, राउरकेला के बिशप किशोर कुमार कुजूर, दुमका के बिशप जूलियस मरांडी, तेजपुर के बिशप माइकल अकासियुस टोप्पो, भागलपुर के बिशप कुरियन वालिकंडाथिल, पूर्व बिशप जोसफ अगस्टीन, सिमडेगा के बिशप विंसेंट बरवा, हजारीबाग के बिशप आनंद जोजो, जलपाइगुड़ी से फादर संजीत डुंगडुंग, खूंटी के बिशप विनय कंडुलना, जमशेदपुर के बिशप तेलेस्फोर बिलुंग, गुमला के अपोस्टोलिक एडमिनिस्ट्रेटर फादर लिनुस पिंगल आदि सैकड़ों पुरोहित शामिल होंगे।

## अंतिम यात्रा के दौरान सड़क पर बनायी 33 किमी मानव शृंखला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए मंगलवार को मांडर के फादर कांस्टेंट लीवंस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर से रांची के पुरुलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजाघर लाया गया। मांडर से रांची के पुरुलिया रोड तक 33 किमी की उनकी पार्थिव शरीर यात्रा के दौरान सड़क पर मानव शृंखला बनायी गयी।

मांडर से कंदरी मोड़ तक चान्हो व मांडर पल्ली के लोगों ने मानव शृंखला बनायी। कंदरी मोड़ से ब्रांबे तक सिदरौल व नवाटांड़ पल्ली, ब्रांबे से मखमंदरो तक ब्रांबे और मखमंदरो पल्ली, मखमंदरो से रिंग रोड तक कुडू व लोहरदगा पल्ली, रिंग रोड से दलादली चौक तक बनहोरा और दिघिया पल्ली, दलादली से कटहल मोड़ तक सपारोम व पतराचौली पल्ली, कटहल मोड़ से अरगोड़ा तक हरमू व सिंगपुर पल्ली, अरगोड़ा से सुजाता चौक तक डोरंडा व प्रभात तारा धुर्वा पल्ली और सुजाता चौक से कैथेड्रल तक रांची पल्ली के सदस्यों ने मानव शृंखला बनायी। जगह-जगह पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।




**मल्लिकाजुर्न खड़गे ने निधन पर जताया शोक**

## कार्डिनल ने प्रेम और सहिष्णुता का संदेश पूरी दुनिया में फैलाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकाजुर्न खड़गे ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन अत्यंत दुःखद है। उन्होंने लोगों की सेवा करते हुए उनके हक-अधिकारों के लिए हमेशा सजग रहते थे। उनका देहांत न केवल झारखंड बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने ग्रामीण परिवार में जन्म लिया पर प्रेम और सहिष्णुता का उनका संदेश झारखंड के दायरे से आगे बढ़कर पूरी दुनिया में फैला। उन्होंने कहा है कि हमने ऐसे दूरदर्शी व्यक्तित्व को खोया है



जिसके प्रति प्रत्येक जाति, समुदाय और धर्म के लोगों के हृदय में सम्मान था। उनकी भवनात्मकता और अपनेपन से भरी भावना समुंन्द्र से भी गहरी थी। श्री खड़गे ने कहा है कि कार्डिनल टोप्पो झारखंड में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जाति धर्म से बहुत उपर उठकर काम किया। विशेष रूप से कमजोर तबके के लोगों के लिए किये गये काम को हमेशा याद रखा जायेगा।

## चुनी हुई सरकार को अपदस्थ करने में लगी है भाजपा : राजद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्यपाल को पत्र लिखकर झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में विकास को लेकर जो जंग लग गई थी। वहीं झारखंड आज विकास की पटरी पर दौड़ने लगा है। उन्होंने कहा है कि झारखंड के वैसे गांव देहात जहां के किसान अपने खेतों में पानी के लिए परेशान रहते थे, वैसे किसानों के चेहरे पर हेमंत सरकार जब खुशी ला रही है तो विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है। समस्याओं से ग्रसित झारखंड को महागठबंधन की सरकार में स्पष्ट नीति के चलते आम जनता को विभिन्न समस्याओं से राहत मिल रही है।

## लंबित व अवमानना वाद के 24 मामलों की हुई समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक की। इनमें अदालतों, एनएचआरसी और आयोगों से जुड़े मामले थे। बताया गया कि झारखंड उच्च न्यायालय में दायर लंबित वादों एवं अवमानना वाद के कुल 24 मामले विभिन्न कार्यालयों में लंबित हैं। डीसी ने संबंधित अधिकारी को जल्द से जल्द उच्च न्यायालय के



आदेश का अनुपालन करते हुए कारण पृच्छा दायर करने का निर्देश दिया गया।

**मानवाधिकार आयोग के 13 मामले लंबित** : बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली के कुल 13 मामले लंबित हैं। डीसी ने संबंधित कार्यालय से प्रतिवेदन प्राप्त कर जल्द से जल्द इसे राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग भेजने तथा आयोग से समय की मांग करने का निर्देश दिया। बैठक में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जन जाति आयोग नई दिल्ली से संबंधित कुल 13 मामलों की समीक्षा की गई। डीसी ने प्रतिवेदन प्राप्त करने के लिए संबंधित कार्यालय को जल्द स्मार पत्र देने का निर्देश दिया। विधि शाखा से संबंधित अन्य सभी मामलों की समीक्षा की गयी। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची दीपक कुमार दूबे, अपर समाहर्ता रांची राजेश कुमार बरवार एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता रांची राजीव कुमार सिंह, जिला विधि शाखा प्रभारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी रांची प्रवीण प्रकाश एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पंजाबी हिंदू बिरादरी ने मुख्यमंत्री को रावण दहन के लिए किया आमंत्रित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में पंजाबी हिंदू बिरादरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने 24 अक्टूबर 2023 को मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने के लिये सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि पंजाबी हिंदू बिरादरी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण दहण कार्यक्रम मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष रावण दहण कार्यक्रम के दौरान भव्य आतिशबाजी के साथ-साथ स्थानीय लोक कलाकारों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की जाएगी, जो मुख्य आकर्षण होंगे।

**प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति में गैर पारा शिक्षकों की श्रेणी में आवेदन करनेवाले पारा शिक्षकों को हाइकोर्ट से मिली बड़ी राहत**

# अतिरिक्त काउंसलिंग कर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का दिया निर्देश

**हाइकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील पर फैसला सुनाते हुए एकल पीठ के आदेश को सही ठहराया**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** वर्ष 2015 के प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति में गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन करनेवाले पारा शिक्षकों को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मामले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील पर फैसला सुनाते हुए एकल पीठ के आदेश को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा है एकल पीठ द्वारा पारित आदेश उचित है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षतावाली खंडपीठ ने मामले में प्रतिवादी अभ्यर्थी जो पारा शिक्षक थे। लेकिन उन्होंने गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन दिया था और वे अंतिम चयनित अभ्यर्थियों से अधिक अंक प्राप्त किए थे। उनके लिए अतिरिक्त काउंसिल कर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है।

राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में चुनौती दी थी। एकल पीठ में सुनवाई के दौरान पूर्व में राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि वर्ष 2015 की प्राथमिक शिक्षक में गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अब कोई काउंसलिंग नहीं की जाएगी। प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति के लिए उनका कंसीडरेशन नहीं किया जाएगा। इस पर प्रार्थी पारा शिक्षकों की ओर से एकल पीठ से कहा गया था कि राज्य सरकार द्वारा उन्हें नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल नहीं करने का निर्णय गलत है। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार के इस आदेश को गलत माना था। साथ ही हाइकोर्ट की एकल पीठ ने आदेश दिया था कि वैसे पारा शिक्षक जो उक्त नियुक्ति परीक्षा में गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन दिए थे और जिनके अंक अंतिम चयनित अभ्यर्थी से ज्यादा है उनके संबंध में उचित कार्रवाई की जाये। उनके लिए अलग से काउंसलिंग की जाये।

हाइकोर्ट के एकल पीठ के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने खंडपीठ में अपील दायर की थी। खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई पूरी कर पूर्व में आदेश सुरक्षित रख लिया था। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि पारा शिक्षक जो गैर पारा शिक्षक कैटेगरी में शामिल हुए थे। उन्हें नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर करना गलत है। ऐसे पारा शिक्षकों ने अपने आरक्षण का लाभ नहीं लेने का निर्णय लिया था। अंतिम चयनित अभ्यर्थियों से ज्यादा अंक लाने वाले प्रतिवादियों के लिए अतिरिक्त काउंसिल की जाए और नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाये।

# राज्य के कई हिस्सों में गिरेगा पारा सुबह धूप तो शाम होते ही बढ़ेगी ठंड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य से मानसून की विदाई हो रही है। मौसम विभाग मौसम विभाग ने 14 अक्टूबर तक राज्य में बारिश को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। मौसम विभाग ने मौसम शुष्क रहने का अनुमान लगाया है। इस तरह 14 अक्टूबर तक आसमान भी साफ रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ हिस्सों पर हल्की बारिश हुई है। कई जगहों पर आसमान साफ रहा है। राज्य में सबसे अधिक तापमान गोड्डा में 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान रांची में 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया या है।



**न्यूनतम तापमान में गिरावट** : राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। अगले कुछ दिनों तक झारखंड में बारिश की उम्मीद नहीं है। आकाश साफ रहेगा। रांची समेत पूरे राज्य में पिछले दो दिन से बारिश बंद है। इसकी वजह से पारा बढ़ने लगा है। तापमान में 6 से 7 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि झारखंड से मानसून की लगभग विदाई हो चुकी है। एक-दो दिनों में मौसम विभाग इसकी आधिकारिक सूचना जारी कर देगा। राज्य में अगले चार दिनों तक अधिकतम तापमान में बड़ा बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद 15 अक्टूबर से तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री गिरावट आने लगेगी।

मौसम वैज्ञानिक ने कहा है कि 15 अक्टूबर तक राज्य भर में आसमान साफ रहेगा। कोई सिस्टम बनने की संभावना नहीं है। सीधी धूप धरती को टच करेगी और दिन का तापमान थोड़ा बढ़ेगा। रांची और आसपास के क्षेत्र में 15 अक्टूबर तक न्यूनतम पारा 20 डिग्री तक रहने की संभावना है। दिन में तो गर्मी रहेगी, पर शाम ढलते ही ठंडक का एहसास होगा।

# ग्रामीण इलाकों में हो रहा संगठित ऊर्जा का प्रवाह : राजेश्वरी बी

दीन दयाल ग्राम स्वावलंबन योजना के अंतर्गत कार्यरत लोकप्रेरकों के लिए हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

मनरेगा आयुक्त ने बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार से जुड़े मुद्दों पर विशेष जानकारियां साझा की



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मनरेगा आयुक्त, राजेश्वरी बी द्वारा सर्ड भवन के सभागार में मंगलवार को दीनदयाल ग्राम स्वावलम्बन योजना अंतर्गत कार्यरत लोकप्रेरकों के प्रशिक्षण सत्र में लोकप्रेरकों महिलाओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर मनरेगा आयुक्त द्वारा लोक प्रेरक महिलाओं को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि ग्रामीणों को जागरूक दृष्टिकोण के साथ सभी प्रकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को निश्चित ही सफल रूप प्रदान करने में अहम भूमिका निभानी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे इन प्रयासों से गांव-गांव तक आत्मनिर्भर जीवन का सन्देश देने में सहायक सिद्ध होगा साथ ही उन्होंने कहा कि कहा कि बच्चे परिवार, राज्य और देश के भविष्य होते हैं। बच्चों को कुपोषण से बचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए विभाग पूरी तत्परता, सजगता और प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। राज्य को हर हाल में कुपोषण मुक्त करने की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास हेतु विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के विषय में जानकारी दी। हर व्यक्ति स्वावलंबन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। उन्होंने ग्रामीणों को खेती के साथ-साथ मनरेगा की योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि लोक प्रेरकों के सहयोग से अब ग्रामीण इलाकों में दिग्भ्रमित विचार नहीं, बल्कि संगठित ऊर्जा का प्रवाह हो रहा है।

**बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार से जुड़े मुद्दों पर हम समाज को जागरूक करें**

मनरेगा आयुक्त द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए बताया गया कि राष्ट्र एवं राज्य स्तर पर बच्चों के लिए बहुत सारी नीतियों का निर्धारण किया गया है। उन्हीं नीतियों को धरातल पर उतारने के लिए समाज के हर बच्चे को विशेषकर, जरूरतमंद बच्चे को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करना ही हमारा कर्तव्य है। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार से जुड़े मुद्दों पर हम समाज को जागरूक कर सकें और बच्चों के प्रति दायित्वों का निर्वहन नीतिगत सिद्धांतों के मुताबिक कर सकें।

## डंगराटोली और कांटाटोली मार्ग के गड्ढों को 24 घंटे में भरने के निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। नगर विकास एवं आवास विभाग सचिव विनय कुमार चौबे ने कांटाटोली और डंगराटोली पथ के गड्ढों पर गंभीरता दिखाई है। सचिव के निर्देश पर जुडको के परियोजना निदेशक (प्रशासन) अरविंद कुमार मिश्र ने अभियंताओं के साथ स्थल का निरीक्षण किया। सचिव ने 24 घंटे के भीतर गड्ढों को भरने के निर्देश दिए। राहगीरों की सुरक्षा के सभी उपाय किए जाने की बात भी कही।

परियोजना निदेशक (प्रशासन) अरविंद कुमार मिश्र द्वारा डंगराटोली से कांटाटोली चौक और कांटाटोली चौक से बहुबाजार पथ का जुडको के अभियंताओं के साथ पैदल निरीक्षण किया गया। संबंधित ठेकेदारों को 24 घंटे में गड्ढों को भरने के निर्देश दिया। सुरक्षा के सभी उपाय करने को कहा। उन्होंने रांची नगर के अधिकारी से बात कर बहुबाजार-कांटाटोली-शांति नगर पथ पर लाइट लगाने का अनुरोध पूजा के मद्देनजर करने की बात कही। परियोजना निदेशक के निर्देश पर डंगराटोली-कांटाटोली पथ पर गड्ढों को भरने का काम शुरू हो गया है।

इससे पूर्व निदेशक मिश्र ने ठेकेदार और उनके इंजीनियरों से कहा कि 24 घंटे के भीतर गड्ढे नहीं भरे गये तो परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें। सभी एजेंसियों को निदेशक मिश्र ने नवरात्रि शुरू होने से पहले खोदे गये गड्ढों को भरने का भी निर्देश दिया है।

खबर एक नजर में

## संस्कृत विश्व की समृद्ध भाषा पाठ्यक्रम में स्थान मिले : राज्यपाल



रांची। संस्कृत भारती, झारखण्ड प्रान्त के प्रान्तमन्त्री डॉ. दीपचन्द राम कश्यप, प्रान्त प्रचार प्रमुख डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी, प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख डॉ. चन्द्रमाधव सिंह तथा प्रान्त सह मंत्री पृथ्वीराज सिंह ने मंगलवार को जनपद संस्कृत सम्मेलन में पारित संस्कृत भाषा से संबंधित प्रस्तावों को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को समर्पित किया। राज्यपाल ने पारित प्रस्तावों को सकारात्मक रूप से लिया और कहा कि इन प्रस्तावों को राज्य सरकार तथा केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री को प्रेषित कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत विश्व की समृद्धतम भाषाओं में से एक है और इसे पाठ्यक्रम में यथोचित स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृत्तिपरक और प्राविधिक पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परम्परा को उचित स्थान दिया जाना चाहिए।

इस अवसर प्रान्त सहमन्त्री पृथ्वीराज सिंह ने बताया कि दसवीं स्तर पर पूरे झारखण्ड में लगभग तीन लाख विद्यार्थी संस्कृत विषय का चुनाव करते हैं। कक्षा आठ में तो यह संख्या साढ़े चार लाख के लगभग है। अगर सरकारों का सकारात्मक सहयोग प्राप्त हो इण्टरमीडिएट, स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर भी विद्यार्थियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो सकती है। धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने प्रस्तावों पर विस्तार से अपना मन्तव्य रखा। प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख डॉ. चन्द्रमाधवसिंह ने राज्य में संस्कृत भारती की गतिविधियों के विषय में विस्तार से चर्चा की।

## श्याम मंदिर में रणदीरा एकादशी का आयोजन

रांची। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को आश्विन कृष्ण पक्ष की रणदीरा एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा सहित भक्ति में वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष शृंगार किया गया। प्रातः 8:00 बजे श्रृंगार आरती के समय से ही प्रभु के दर्शन करने के लिए भक्तों की अपार भीड़ अनावृत बनी रही। लाल गुलाब, जूही, बेला, मोगरा रजनीगंधा, व गेंदा के फूलों से श्री श्याम प्रभु का मनोहारी श्रृंगार किया गया। रात्रि से श्याम प्रभु के जयकारों के बीच अखंड पावन ज्योत प्रज्वलित की गई, भक्तगण मंगल दर्शन कर ज्योति आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल मांग रहे थे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीत में संकीर्तन प्रारंभ किया गया।

## झारखंड छात्र परिषद के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड छात्र परिषद के पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को प्रभारी पीयूष आनंद की अध्यक्षता में हुई। इसमें वर्तमान सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के रांची जिला परिषद सहित राज्य के कई जिलों में चल रहे अनियमित ट्रांसफर पोस्टिंग एवं लूट खसोट के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही बुधवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। पीयूष आनंद ने बताया कि अभी वर्तमान में पदस्थापित जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम को बनाया गया है, जिन्हें अगस्त 2023 में कनीय अभियंता ( पथ निर्माण विभाग ) से सहायक अभियंता (22 मई 2023) प्रोन्नोति के उपरांत बनाया गया एवं अगस्त 2023 में ही गुप्तेश्वर राम को सहायक अभियंता से जिला अभियंता के प्रभार दिया गया है, जो नियम के विरुद्ध है। इससे लूट खसोट को बढ़ावा मिल रहा है। झारखंड छात्र परिषद का प्रतिनिधि मंडल जल्द ही राज्य के पहले मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मिलकर ज्ञापन सौंप चुका है। लेकिन अभी तक ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की गई है। परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर विभाग द्वारा इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी तो परिषद द्वारा आंदोलन किया जाएगा ताकि ग्रामीण विकास विभाग में हो रहे लूट-खसोट को रोका जा सके। बैठक में झारखंड छात्र परिषद के प्रभारी पीयूष आनंद, राहुल सिन्हा, राकेश सिंह, रंजीत उरांव, ज्योति साहू, आयुष सिंह , अर्जुन राम, श्रवण कुमार, अकबर कुरेशी सहित दर्जनों पदाधिकारी शामिल थे ।

# झारखंड आंदोलनकारियों ने रांची जिला समिति का किया गठन

महावीर विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष व खुर्शीद आलम बने महासचिव



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। अधिवक्त मुमताज खान की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से रांची जिला आंदोलनकारी मोर्चा के जिला समिति का गठन किया गया। जिसमें महावीर विश्वकर्मा को जिला अध्यक्ष एवं खुर्शीद आलम को महासचिव बनाया गया। केंद्रीय संयोजक विमल कच्छप ने कहा के कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के नाम का गलत इस्तेमाल कर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। जिसका मोर्चा कडे शब्दों में विरोध करती है। मोर्चा द्वारा सरकार को 15 नवंबर को पूरे झारखंड में आंदोलनकारी को सम्मानित करने तथा ताम्र पत्र प्रदान करने के लिए मांग किया गया है। साथ ही इस बाबत मुख्यमंत्री से मांग किया गया है कि झारखंड स्थापना दिवस के शुभअवसर पर मोराबादी मैदान में आंदोलनकारी को सम्मानित किया जाए तथा सभी जिलों में मंत्रियों के द्वारा आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जाए।

विदित हो कि अभी तक आयोग द्वारा कुल 56 असंपुष्ट सूची जारी की गई है एवं 23 संपुष्ट सूची जारी की गई है, जिसमें लगभग 6000 आंदोलनकारी को चयनित किया गया है। झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का कोई भी कार्यक्रम 12 अक्टूबर को नहीं है। झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की 11 नवंबर को मोर्चा का महाधिवेशन रांची में आयोजित किया जाएगा। जिसमें पूरे झारखंड के आंदोलनकारी सम्मिलित होंगे । बैठक में शफीक आलम, सुशीला एक्का, बाबूराम मुर्मू दलपती सरदार, लाधो महतो, राजेश मुंडारी, पंचा सरदार, हरिनारायण पाचा, महावीर विश्वकर्मा उरांव एवं खुर्शीद आलम, दिवाकर साहू, शिव शंकर महतो असलम अंसारी, इबादत, घीनू उरांव, रमेश, नौशाद, पप्पू खान, रतन अनमोल सांचा आदि लोग उपस्थित थे ।

## दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन के सहयोग से किन्नरों को पेंशन योजना से जोड़ा गया



रांची। तृतीय लिंग समुदाय (थर्ड जेंडर) के लिए पेंशन योजना घोषित की गई थी। इस पेंशन योजना में ट्रांसजेंडर कार्डधारी व्यक्ति को प्रति माह 1000 रुपए देने की पहल की जा रही है। इसका शुभारंभ मंगलवार को रांची जिले से की गयी। असिस्टेंट डायरेक्टर रविशंकर मिश्रा की पहल पर रांची डीसी कार्यालय में किन्नर लोगों का फॉर्म भरा गया। आज से सभी लोगों को जिनका टीजी कार्ड बन गया है। वैसे सभी लोगों को पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा। संस्था की अध्यक्ष कुमुद झा ने बताया कि उनकी संस्था विगत कई वर्षों से किन्नरों के लिए कार्य कर रही है, जिसमें टीजी कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड के साथ अन्य योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। आाज के इस कार्यक्रम में ऑफिस के संदीप एक्का, दीपक पाठक, स्वीकृति (पीएचडी शोधार्थी), नगमा किन्नर, फरहाना किन्नर, माही मान, कनिका और राजकमल इत्यादि उपस्थित थीं।

## अभाविप झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ शेषनाथ राय के निधन पर श्रद्धांजलि सभा

रांची। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से मंगलवार को परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.शेषनाथ राय की पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मालूम हो कि डॉ. शेषनाथ राय का निधन बीते 4 अक्टूबर 2023 को हो गया था। देवघर के करिश्मा उत्सव पैलेश में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व प्रांत सह संगठन मंत्री प्रदीप भैया जी महाराज, शिक्षाविद् युधिष्ठिर प्रसाद राय, देवघर महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश तिवारी, क्रीडा भारती के प्रदेश सह मंत्री संजीत राय, परिषद के प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन, ए एस महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार, अभाविप के प्रदेश उपाध्यक्ष जानकी नंदन सिंह, शुभम राय, पीसी दास, डॉ अंजनी शर्मा, राजीव रंजन सिंह, चंडी चरण डे, संतन मिश्रा, रामसेवक सिंह गुंजन, जीवेश सिंह, विपिन अग्रवाल, गोपाल वर्णवाल, विजय राय, पंकज भदौरिया, प्रेम प्रकाश चौबे, सुधांशु बरनवाल, उत्तम राय, अंकुश गौतम, जलज कुमार, राजीव रंजन, विजय प्रताप सनातन आशुतोष राय चंदन कुमार मंटू देव संजय कुमार सिंह कृष्णदेव चौधरी, उपेन्द्र कुमार, खुशी देव, आकाश साव, चंदन रजक, वरुण शर्मा,विनय राय, युवराज सिंह, सानु सिंह, अभिजीत सिंह,दिपक झा, माही देव , प्रकाश यादव व सौकडौ की संख्या में कार्यकर्ता व शुभचिंतक उपस्थित थे।

## वर्तमान समय में पूरे विश्व में अलग-अलग समस्याएं हैं : निर्मला बहन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चौधरी बगान, हरमू रोड में मंगलवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर केन्द्र संचालिका ब्रशाकुमारी निर्मला बहन ने अपने उद्गार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि आज वर्तमान समय पूरे विश्व में अलग अलग समस्याएं हैं, जैसे कि आतंकवाद, वेरोजगारी अतिवृष्टि, अनावृष्टि महामारी धार्मिक, राजनैतिक और सामाजिक कलह-क्लेश आदि आदि। इनके अतिरिक्त और दो तरह की समस्याएं हैं। जिनसे दुनिया का हर व्यक्ति पीड़ित है और वे हैं उद्वेग और अवसाद संयुक्त राष्ट्रसंघ के मुताबिक विश्व के 38 प्रतिशत लोग उद्वेग और 3.4 प्रतिशत लोग अवसाद से पीड़ित हैं। उद्वेग या अवसाद से माथा भारी होना, नींद नहीं आना, थकावट महसूस होना, हृदय की गति में बढ़ोतरी होना, सांस फूलना, पसीना बहना, स्नायुओं में खिंचाव, कमजोर पाचन क्रिया, उच्च रक्तचाप या मधुमेह का शिकार बनना, कम आयु में बुढ़ापा, कामकाज में एकाग्रता या उत्साह न रहना, आत्मविश्वास की कमी लोगों के संपर्क में आने से इंकार करना स्पष्ट कारण के बिना ही डरना, सदा निराश रहना आदि-आदि गंभीर परिणाम दिखाई देते हैं। सार में यही कह सकते हैं कि मरीज रोजाना कार्य व्यवहार करने की अपनी क्षमता खो बैठता है। अगर हम शक्तियों को धारण करके स्वयं का सशक्तीकरण करते हैं तब उद्वेग या अवसाद के शिकार होने से खुद को सदा के लिए बचा सकते हैं।

## दल सत्संग सभा का विस्तार, विजय साहु बने अध्यक्ष

रांची। श्री रामायण महायज्ञ प्राचीन श्री राम मन्दिर चुटिया में धुम-धाम से मनाने हेतु सारी तैयारी प्रायः प्रायः हो गयी है। दस दिवसीय इस महायज्ञ को सफल बनाने के लिए हनुमान दल सत्संग सभा का विस्तार मंगलवार को किया गया। जो इस प्रकार है अध्यक्ष विजय साहु,कार्यकारी अध्यक्ष उमंग कुमार साहु,विकास साहु,सचिव कैलाश केशरी,कोषाध्यक्ष अमित कुमार साहु प्रचार मंत्री अमन श्रीवास्तव व रूद्र कुमार साहु को बनाया गया है।

## सीआइटी के छात्रों ने ली पंच प्रण की शपथ फलदार वृक्ष के दर्जनों पौधे लगाये



रांची। एआईसीटीई के निर्देश पर विश्वविद्यालयों के अधीन संस्थानों में चलाये जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सीआईटी में अमृत कलश यात्रा व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पंच प्रण शपथ लेकर देश के विकास में सहभागी बनने समेत एक जिम्मेवार नागरिक के रूप में देश सेवा की शपथ ली। मौके पर कैंब्रिज ग्रुप के प्रसाशनिक निदेशक नवनीत सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं जनमानस में देश प्रेम की भावना को प्रगाढ करता है। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उशमानी, डॉ नैयर मुमताज,प्रो. स्वेता सोनाली द्याल, प्रो तापस कुमार, आदि शिक्षक मुख्य रूप से मौजूद थे।

## डीएसपीएमयू में रक्तदान शिविर का आयोजन



रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के एनएसएस, एनसीसी और श्री जगन्नाथ हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संयुक्त प्रयास से मंगलवार को विवि कैंपस में रक्त दान सह चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सामान्य चिकित्सा जांच, आंखों से संबंधित तथा फिजियोथेरेपी संबंधित चिकित्सा परामर्श जगन्नाथ हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के विशेषज्ञ मेडिकल टीम के द्वारा दिया गया। इसके अलावा नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 300 विद्यार्थियों और कर्मियों ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी जांच कराई, जबकि 27 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने कहा कि देश एनएसएस और एनसीसी के बैनर तले युवाओं को राष्ट्र प्रेम के सही अर्थ से जोड़ता है। मौके पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्ण सिंह, डॉ शमा सोनाली, एनसीसी अधिकारी डॉ जीसी बास्के के साथ चिकित्सीय दल में डॉ डीपी सिंह, डॉ सुरुचि पल्लवी, डॉ निलय कुमार, डॉ सौम्य संस्कृति के अलावा 200 एनएसएस और एनसीसी विद्यार्थियों की सहभागिता रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने स्कूल के बच्चों को दिये नये जूते




रांची। लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट की ओर से कोकर स्थित केएम मलिक स्कूल में बच्चों के बीच नए जूतों का वितरण 10 अक्टूबर को किया। इसके स्पॉन्सर दिनेश लाल ठाकुर थे। इस मौके पर दिनेश लाल ठाकुर ने कहा कि समाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए यह कदम इन बच्चों के लिए उठाया गया। हमें हमेशा सभी जरूरतमंदों के लिए सेवा का भाव रखना होगा। हम सभी मिलकर लायनवाद की पाठ दुनिया को दिखा सकेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से लायंस क्लब के सचिव विजया केडिया, कोषाध्यक्ष नीरज कांत शाहा, पूर्व अध्यक्ष रतन लाल अग्रवाल, भारतेंदु झा, कृष्ण गोपालका, पीआरओ आशुतोष द्विवेदी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## खतरे की आशंका को भांप पीड़िता पहुंची ओरमांझी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। ओरमांझी थाना क्षेत्र के सदमा पंचायत के मायापुर गांव में जिस पीड़ित गर्भवती महिला को सजा देने के लिए बंद कमरे में बैठक की गयी थी। महिला खतरे की आशंका को भांप कर ओरमांझी आ गयी। महिला आरती देवी अपने साथ छोटी बेटी को भी लेते आयी थी। बताया जाता है कि पीड़ित आरती देवी बुधवार को ओरमांझी थाना जायेगी और आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायेगी। पीड़ित महिला ने बताया कि उसकी शादी मायापुर में ठाकुर परिवार में हुई थी। पति अत्याधिक शराब पीते हैं और उन्हें सुधबुध नहीं रहता। इसका फायदा उठाकर उनके देवर ने पहले तो जबरदस्ती की। जब उसने विरोध जताया तो शादी का झांसा देकर तीन साल तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। इस बीच महिला गर्भवती हो गयी। अभी उसके गर्भ में पांच माह का शिशु है। उसने बताया कि आरोपी अब उसे अपनाने से इनकार कर रहा है।

गौरतलब हो कि पीड़ित महिला की कहानी की सूचना एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली। एसएसपी ने घटनास्थल पर थानेदार को भेजा, पुलिस की मौजूदगी से ग्रामीणों ने महिला के साथ किसी प्रकार की अनहोनी नहीं की। जानकारी के मुताबिक, पारिवारिक विवाद में ओरमांझी थाना क्षेत्र के सदमा पंचायत में एक महिला को गांव के एक समूह के द्वारा सिर मुंडन करा कर उसे निर्वस्त्र कर गांव से निकाले जाने की योजना थी।

### जय जय जय खाटू के वासी

रांची। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आश्विन माह की कृष्ण पक्ष के एकादशी के पूजन दर्शन का आयोजन किया गया। भक्तजन अपनी अरदास के साथ खाटू नरेश के दरबार में मत्था टेके। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि इन्द्र एकादशी के अवसर पर मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डूगोपाल जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को नवीन पोशाक (बागा) पहनाया गया। इस अवसर पर रिद्धि सिद्धि व प्राचीन तैल चित्रों को भी फूलों से सजाया गया।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में आज से मिलेगा फॉर्म

रांची। शारदा ग्लोबल स्कूल में आज से सभी वर्गों (प्री-नर्सरी से क्लास आठ) जिसकी फॉर्म की कीमत 1100 /- रुपये तथा वर्ग नौ जिसकी फॉर्म की कीमत 1300/- है, स्कूल के वेब साइट के द्वारा भरा जा सकता है या स्कूल के ऑफिस से भी प्राप्त किया जा सकता है। स्कूल ऑफिस का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक है। फॉर्म मिलने की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर 2023 है तथा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 19 अक्टूबर 2023 है।

## सीयूजे में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का कुलपति ने किया उद्घाटन



रांची। झारखण्ड केंद्रीय विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय, चेरी मनातू परिसर में मंगलवार को दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति क्षिति भूषण दास के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुल सचिव, परीक्षा नियंत्रक, वित्त अधिकारी, एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के डीन, संकायाध्यक्ष, सहायक आचार्य भी उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ सुजीत कुमार पांडेय, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष शम्भुराज उपाध्याय, खुशाल सिंह चौहान, गौतम स्वराज, नीलांजन मिश्रा, रजनीश रंजन, सिंधु सिंह एवं आकाश महली की भी भागीदारी रही। मालूम हो कि इस दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी में 13 प्रकाशक तथा 8 विक्रेताओं ने अपने स्टाल लगाए हैं। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकाशकों जैसे स्प्रिंगर, ऑक्सफोर्ड, सेज, टैक्समैन, वाणी राजकमल, टेलर एंड फ्रांसिस, न्यू ऐज, मॅग्राहील एस चाँद, कैम्ब्रिज, पिअरसन आदि प्रकाशकों की पुस्तकों की प्रदर्शनी की गई है। कुलपति ने इस तरह के आयोजन को काफी उत्साहवर्धक बताया जो छात्रहित, शिक्षकहित एवं पुस्तकालय हित के लिए आवश्यक है।

## टेरर फंडिग मामले में चार्जशीटेड इंजीनियर जितेंद्र बना सरकारी गवाह

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के सरेंडर करने के बाद एनआइए ने उनकी संपत्ति का आकलन शुरू कर दिया है। टेरर फंडिंग के मामले में दिनेश गोप को सरेंडर कराने के नाम पर सुमंत कुमार समेत अन्य लोगों के सहयोग से एक नेता के साथ हुई बैठक और दिनेश गोप के लेवी में वसूले गये पैसे को एक नंबर करने के लिए रांची और पानीपत के हवाला कारोबारियों से मोबाइल फोन पर बातचीत करने के मामले में दिनेश गोप का सहयोगी जितेंद्र कुमार सरकारी गवाह बन गया है। अब वह एनआइए को दिनेश के अन्य राज को खोलेगा।

गौरतलब हो कि जब दिनेश गोप ने रांची पुलिस के समक्ष सरेंडर करने की इच्छा जतायी थी। इसके लिए सुमंत कुमार के माध्यम से सरेंडर की राशि का भुगतान दिल्ली में होना था। इस कारण जितेंद्र द्वारा एक कंपनी से भव्या इंजीकॉम में 27 लाख रुपये ट्रांसफर कराये गये थे, ताकि दिल्ली में पैसे का भुगतान हो सकें और दिनेश गोप को सरेंडर कराया जा सकें। अब इस मामले में जितेंद्र कुमार सरकारी गवाह बन गया है। एनआइए दिनेश गोप द्वारा लेवी वसूली और इसे शेल कंपनी में निवेश का राज खोलने की तैयारी में है।

**एनआइए जांच में हुआ खुलासा**

एनआइए जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तारी से पहले पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप ने सरेंडर के नाम पर शेल कंपनी भव्या इंजीकॉम में 27 लाख रुपये ट्रांसफर कराये थे। यह पैसे लेवी में वसूले गये थे। दिनेश गोप का सहयोगी सुमंत कुमार भव्या इंजीकॉम के अलावा दूसरी शेल कंपनी शिव आदि शक्ति मिनरल प्राइवेट लिमिटेड में निदेशक के पद पर था। जबकि दिनेश गोप की दूसरी पत्नी शकुंतला इसमें पार्टनर थी। दिनेश गोप से लेवी का पैसा नकद लेकर सुमंत कुमार शेल कंपनी में जमा करता था। वहीं दूसरी ओर शेल कंपनी में पैसा जमा करने का काम दिनेश गोप का सहयोगी अरुण गोप और फूलेश्वर गोप भी करता था। इस काम में सुमंत का सहयोगी हटिया के सिंह मोड़ निवासी पेशे से इंजीनियर जितेंद्र कुमार भी था। जितेंद्र के खिलाफ भी एनआइए पूर्व में ही चार्जशीट कर चुकी है।

**नोटबंदी में पकड़ा गया था 25.38 लाख**

गौरतलब हो कि यह मामला नोटबंदी के दौरान वर्ष 2016 में बेड़ो में 25.38 लाख रुपये से जुड़ा है। जब दिनेश गोप द्वारा लेवी में वसूले गये पैसे को पेट्रोल पंप संचालक को बैंक में जमा कराने के लिए दिया गया था। इसी केस के अनुसंधान के दौरान एनआइए को इस बात की जानकारी मिली थी कि दिनेश गोप शेल कंपनी तैयार करवाकर उसमें भी लेवी के पैसे जमा कराता है।

## भाजपा हिनू मंडल में घर-घर जाकर केंद्रीय योजनाओं की जुटायी जानकारी

रांची। भाजपा हिनू मंडल के मनिटोला में मंगलवार को पप्पू जयसवाल के नेतृत्व में बस्ती संपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान गरीब जरुरतमंद लोगों से केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों की जानकारी ली गई। हिनू मंडल के मनिटोला के 30 घरों में जनसंपर्क किया गया। इसमें लोगों ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा गरीबों के लिये चलाई जा रही दर्जनों योजनाओं की सराहना की। लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में गरीबों को मुफ्त अनाज, मुफ्त गैस कनेक्शन, शौचालय एवं पीएम आवास योजना के तहत आवास देकर उनकी बुनियादी सुविधाओं को पूरा किया है। इस कार्यक्रम के तहत 13 अक्टूबर तक महानगर भाजपा के विभिन्न मंडलों में एससी-एसटी बस्तियों में जाकर कार्यकताओं द्वारा लाभुकों की विस्तृत जानकारी लेने के लिये अभियान चलाया जायेगा। इस अवसर पर सत्यनारायण सिंह, रविनाथ किशोर, सीम, मुकेश, कुमार, अर्चना, रंजय ओझा सहित मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।






# अफगानिस्तान के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय टीम

## दिल्ली में चौथी बार विश्व कप का मैच खेलेगा भारत, घरेलू मैदान पर अफगानिस्तान से पहला वनडे




### भारत बनाम अफगानिस्तान हेड टू हेड

भारत और अफगानिस्तान की टीमें वनडे में चौथी बार आमने-सामने होंगी। इससे पहले तीन मैचों में दो भारत के नाम हुए हैं। एक मुकाबला टाई रहा है। भारत और अफगानिस्तान के बीच पहला वनडे मैच 2014 में मीरपुर में खेला गया था। तब टीम इंडिया को आठ विकेट से जीत मिली थी। 2018 में दुबई में हुआ मुकाबला टाई पर छूटा था। वहीं, 2019 में भारत ने 11 रन से मैच को अपने नाम किया था। चार साल बाद अब दोनों टीमें वनडे में आमने-सामने होंगी। संयोग से पिछली बार विश्व कप में ही दोनों के बीच मुकाबला हुआ था।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं :

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव।

**अफगानिस्तान:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, अजमतुल्ला उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान, नवीन उल हक।

### दिल्ली में तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं कोहली

विराट कोहली की नजर अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में एक खास रिकॉर्ड पर होगी। वह दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन सकते हैं। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने यहां आठ वनडे में 300 रन बनाए थे। कोहली के नाम सात मुकाबलों में 222 रन हैं। वह अगर अफगानिस्तान के खिलाफ 79 रन बना लेते हैं तो सचिन से आगे हो जाएंगे।

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पहले मैच में शुरूआती दबाव झेलने वाली भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को यहां विश्व कप के दूसरे मुकाबले में एकतरफा जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती नौ अलग अलग जगहों पर हालात के अनुरूप ढलने की होगी। चेपॉक पर धीमे और स्पिनरों के मददगार विकेट के बाद अब फिरोजशाह कोटला पर खेलना है जहां दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच पिछले सप्ताह खेले गए मैच में 700 से अधिक रन बने थे। शुभमन गिल डेंगू के कारण यह मैच नहीं खेल पाएंगे जिससे ईशान किशन को एक बार फिर रोहित के साथ पारी का आगाज करने का मौका मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किशन और श्रेयस अय्यर खराब शॉट खेलकर आउट हुए थे जिससे भारत को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी। उन्हें इस बार इस गलती से पार पाना होगा। गिल अगर तीन दिन बाद पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच से पहले उबर नहीं पाते हैं तो ईशान को एक बड़े मैच में पारी का आगाज करने का मौका मिल सकता है। अफगानिस्तान के आक्रमण का सामना करना भारत के लिए मुश्किल नहीं होगा जिसके पास मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड जैसे गेंदबाज नहीं हैं। मैदान छोटा होने से चौके छक्के लगने की संभावना भी अधिक है। विश्व कप से पहले पिच दोबारा बिछाई गई है जिससे उसका स्वभाव भी बदला है। यह मैच विराट कोहली के अपने शहर में हैं और वह चेन्नई में दिखाई गई लय को कायम रखना चाहेंगे। अपने नाम से बने पवेलियन के सामने खेलकर कोहली प्रशंसकों को यादगार मैच की सौगात देने को आतुर होंगे। राहुल ने पिछले महीने एशिया कप के बाद से अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम प्रबंधन ने आलोचना के बावजूद उन पर भरोसा बनाये रखा जिस पर वह खरे उतरे। गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का संयोजन शानदार रहा। भारत ने बीच के ओवरों में छह विकेट लिए। भारत अगर तीन स्पिनरों को लेकर नहीं उतरता है तो आर अश्विन की जगह मोहम्मद शमी ले सकते हैं। दूसरी ओर बांग्लादेश से हारने के बाद अफगानिस्तान टीम बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। अफगानिस्तान की ताकत उसके स्पिनर रहे हैं लेकिन बल्लेबाजो को उनका साथ देना होगा।

## इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 137 रनों से रौंदा, डेविड मलान के बाद रीस टॉप्ले ने किया कमाल

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** सलामी बल्लेबाज डेविड मलान की आक्रामक शतकीय पारी के बाद रीस टोपले की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने बांग्लादेश को हराया। मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड ने विश्व कप के एकतरफा मुकाबले में मंगलवार को बांग्लादेश को 137 रन से शिकस्त दी। अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से हार का सामना करने वाली इंग्लैंड की टीम ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर मलान की 107 गेंद में 140 रन के दम पर नौ विकेट पर 364 रन बनाने के बाद बांग्लादेश की पारी को 48.2 ओवर में 227 पर समेट दिया। मलान ने शतकीय पारी खेलने के साथ सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (52) और पूर्व कप्तान जो रूट (82) के साथ पहले और दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारियां कर बड़े स्कोर की नींव रखी। बांग्लादेश के लिए महेदी हसन ने 71 रन पर चार जबकि शरीफुल इस्लाम ने 75 रन पर तीन विकेट लिये। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश के लिए लिटन दास (76) और विकेटकीपर मुशफिकुर रहीम (51) ही इंग्लैंड के गेंदबाजों का कुछ हद तक समाना कर सके। इंग्लैंड के लिए रीस टोपले ने 43 रन पर चार जबकि क्रिस वोक्स ने दो विकेट लिए। मार्क वुड, आदिल राशीद, लियाम लिविंगस्टोन और सैम करन को एक-एक सफलता मिली बल्लेबाजी में बांग्लादेश की शुरूआत बेहद खराब रही। टोपले ने अपने शुरूआती ओवर में लगातार गेंदों पर तंजिद हसन (एक) और नजमुल हुसैन शंटो (शून्य) को आउट किया। इस गेंदबाज ने अपने तीसरे ओवर में बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन (एक) को बोल्ड किया मेहदी हसन मिराज (आठ) ने क्रिस वोक्स की गेंद पर चौके से खाता खोला लेकिन नौवें ओवर में इस गेंदबाज की बाहर जाती गेंद पर बल्ला अड़ा कर विकेटकीपर को कैच दे बैठे जिससे टीम ने नौवें ओवर में 49 रन पर चार विकेट गंवा दिए। विकेटों के इस पतझड़ के बीच सलामी बल्लेबाजी लिटन दास ने बेखौफ बल्लेबाजी की। उन्होंने पारी के शुरूआती ओवर में वोक्स के खिलाफ हैट्रिक चौका जड़ अपने आक्रामक तेवर दिखाये। उन्हें विकेटकीपर मुशफिकुर रहीम का अच्छा साथ मिला। लिटन ने टोपले की गेंद पर पारी का पहला छक्का जड़ने के बाद 11वें ओवर में सैम करन का चौके से स्वागत किया। इसी ओवर में उन्होंने 38 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। मुशफिकुर ने भी 19वें ओवर में सैम करन के खिलाफ दो चौके जड़े जिससे बांग्लादेश ने रनों का शतक पूरा किया। लिटन ने आदिल राशिद के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन 21वें ओवर में अपने दूसरे स्पैल की गेंदबाजी के लिए आए वोक्स ने विकेट के पीछे कप्तान बटलर के हाथों कैच कराकर उनकी पारी का अंत किया।लिटन और मुशफिकुर की पांचवें विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी टूटने के साथ ही बांग्लादेश की उम्मीदें भी टूट गई। मुशफिकुर और तौहिद हृदय के बाद लोवर ऑर्डर के बल्लेबाज टीम के संघर्ष को 49वें ओवर तक खींचने में सफल रहे। मुशफिकुर ने 30वें ओवर में राशिद के खिलाफ एक रन के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। लेकिन अगले ओवर में टोपले उन्हें अपना चौथा शिकार बनाया। इसके साउ उन्होंने छठे विकेट के लिए हृदय के साथ मुश्फिकुर की 43 रन की साझेदारी को तोड़ा। हृदय 61 गेंद में 39 रन बनाकर लिविंगस्टोन का शिकार बने जबकि राशिद ने महेदी हसन (14) को बोल्ड कर बांग्लादेश को आठवां झटका दिया। इससे पहले मलान ने 107 गेंद की पारी में 16 चौके और पांच छक्के लगाने के अलावा बेयरस्टो के साथ पहले विकेट के लिए 107 गेंद में 115 रन जोड़े। इस साझेदारी को शाकिब (52 रन पर एक विकेट) ने बेयरस्टो को आउट कर तोड़ा। बेयरस्टो ने 59 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके लगाए। मलान को इसके बाद 68 गेंद की पारी में एक छक्का और आठ चौके जड़ने वाले रूट का अच्छा साथ मिला दोनों ने दूसरे विकेट के लिए महज 117 गेंद में 151 रन जोड़े। इंग्लैंड की टीम एक समय 400 रन की ओर बढ़ रही थी लेकिन बांग्लादेश के गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों में अच्छी वापसी की। टीम ने आखिरी 12.4 ओवर में 98 रन के अंदर नौ विकेट चटकाए।




## आइसीसी ने लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने के फैसले की सराहना की

**एजेंसी**

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने सोमवार को लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की सिफारिश करने के फैसले की सराहना की। दो साल की प्रक्रिया के बाद, जिसमें आइसीसी ने लॉस एंजिल्स 28 के साथ मिलकर काम किया, लॉस एंजिल्स में जोड़े जाने वाले खेलों की सूची में क्रिकेट भी शामिल है, जिसे अब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। आइसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने कहा, 'हमें खुशी है कि लॉस एंजिल्स 28 ने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की सिफारिश की है। 'हालांकि यह अंतिम निर्णय नहीं है, यह एक सदी से भी अधिक समय में पहली बार ओलंपिक में क्रिकेट को देखने की दिशा में एक बहुत ही महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा 'मैं पिछले दो वर्षों में नई खेल मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान उनके समर्थन के लिए लॉस एंजिल्स 28 को धन्यवाद देना चाहता हूं और हम अगले सप्ताह आइसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान भारत में आइओसी सत्र में अंतिम निर्णय लिए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।'

International Cricket Council

### चिराग और सात्विक पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे

**नयी दिल्ली।** चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी बैडमिंटन युगल में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गई है। हाल ही में एशियाई खेलों में बैडमिंटन स्पर्धा में इस भारतीय जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता था और इसके साथ ही चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में दो स्थान ऊपर पहुंच गये है।

### अश्विनी वैष्णव ने 19वें एशियाई खेलों में भाग लेने वाले रेलवे के खिलाड़ियों को दी बधाई

**नयी दिल्ली।** रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को पूर्वी रेलवे की वरिष्ठ खेल अधिकारी और 19वें एशियाई खेलों में भाग लेने वाले भारतीय दल की डिप्टी शेफ डी मिशन सुश्री डोला बनर्जी और सहायक खेल अधिकारी, ईस्ट कोस्ट रेलवे और स्वर्ण पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य अमित रोहिदास से रेल भवन, नयी दिल्ली में मुलाकात की। अश्विनी वैष्णव ने चीन के हांगझोउ में आयोजित 19वें एशियाई खेल, 2022 में भारतीय दल की शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी। भारतीय रेलवे (आईआर) के कुल 98 सदस्यों ने, जिसमें 90 खिलाड़ी, 07 कोच और डिप्टी शेफ डी मिशन के रूप में डोला बनर्जी शामिल है ने एशियाई खेलों में भाग लिया। इनमें से 39 खिलाड़ियों ने कुल 43 व्यक्तिगत और टीम खेल पदक जीते हैं।

### शुभमन गिल की सेहत पर बल्लेबाजी कोच ने दिया अपडेट


**नयी दिल्ली।** क्रिकेट फैंस की नजरें लगातार शुभमन गिल की सेहत पर बनी हुई हैं। बीसीसीआइ इतना स्पष्टीकरण दे चुका है गिल तेजी से ठीक हो रहे हैं लेकिन फैंस में अभी भी उत्सुकता है कि क्या गिल पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महामुकाबले से पहले फिट हो पाएंगे या नहीं। इसी बीच भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि शुभमन गिल बीमारी से अच्छी तरह उबर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दाएं हाथ का सलामी बल्लेबाज एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती होने के बाद चेन्नई के होटल में वापस आ गया है।

## हैदराबाद में पाकिस्तान ने रचा इतिहास, हासिल किया वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा लक्ष्य

# रिजवान-शफीक के शतक से जीता पाकिस्तान

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान ने श्रीलंका से मिले 344 रनों के लक्ष्य को 6 विकेट से हासिल कर लिया। बड़ा लक्ष्य हासिल करवाने में पाकिस्तान के दो बल्लेबाजों अब्दुल शफीक और मोहम्मद रिजवान की बड़ी भूमिका रही। दोनों ने शतक लगाए और अपनी टीम को जीत दिला दी। इससे पहले श्रीलंका ने पहले खेलते हुए कुसाल मेंडिस और समरविक्रमा के शतकों की बदौलत 344 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान ने 48वीं ओवर में जीत हासिल कर ली। ऐसा पहली बार हुआ है जब विश्व कप के किसी एक मैच में 4 शतक लगे हों। इससे पहले कुसाल मेंडिस और समरविक्रम ने शतक लगाए। समरविक्रम ने पहले एकदिवसीय शतक के दौरान 89 गेंद में 108 रन की पारी खेलकर श्रीलंका को विश्व कप में उसके सर्वोच्च स्कोर तक पहुंचाया। मेंडिस ने पाकिस्तान के गेंदबाजों पर दबदबा बनाते हुए अपनी पारी में 14 चौके और छह छक्के मारे। उन्होंने पथुम निसांका (51) और समरविक्रम के साथ दो शतकीय साझेदारियां की। मेंडिस के आउट होने के बाद समरविक्रम ने जिम्मेदारी संभाली और रन गति को बना रखा। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे। पाकिस्तान की ओर से हसन अली (71 रन पर चार विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे जबकि हारिस राउफ ने 64 रन देकर दो विकेट चटकाए। शाहीन शाह अफरीदी (66 रन पर एक विकेट) और शादाब खान (55 रन पर एक विकेट) को एक-एक विकेट मिला लेकिन वे महंगे साबित हुए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे श्रीलंका ने दूसरे ओवर में ही कुसाल परेरा (00) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने हसन की गेंद पर विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान को कैच थमाया। निसांका और मेंडिस ने इसके बाद पारी को संभाला। पाकिस्तान के शीर्ष तेज गेंदबाज शाहीन लाइन और लेंथ को लेकर जूझते दिखते जिसका निसांका और मेंडिस ने फायदा उठाया। निसांका अच्छी लय में नजर आए और उन्होंने अपनी 61 गेंद की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का मारा। वह हालांकि अर्धशतक पूरा करने के बाद शादाब की गेंद पर प्वाइंट पर अब्दुल्लाह शफीक को कैच दे बैठे जिससे मेंडिस के साथ उनकी दूसरे विकेट की 102 रन की साझेदारी का अंत हुआ। मेंडिस ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने शादाब और राउफ के खिलाफ आसानी से रन जुटाए। उन्होंने शाहीन के एक ओवर में चार चौके भी मारे और हसन पर डीप मिड विकेट के ऊपर से छक्के के साथ शतक पूरा किया। श्रीलंका के रनों का दोहरा शतक 28वें ओवर में पूरा हुआ। अगले ओवर में मेंडिस ने हसन पर लगातार दो छक्के मारे लेकिन अगली गेंद पर बाउंड्री पर इमाम उल हक को कैच दे बैठे। इमाम ने इससे पहले 19 रन के स्कोर पर उन्हें जीवनदान दिया था। हसन ने चरिथ असलंका (03 जबकि मोहम्मद नवाज ने धनंजय डिसिल्वा (25) को आउट किया। शाहीन ने कप्तान दासुन शनाका (12) को पवेलियन भेजा जिससे पाकिस्तान ने 30 से 35 ओवर के बीच सिर्फ 18 रन देकर वापसी की कोशिश की।




## 2015 विश्व कप के दौरान मैं नंबर 1 स्पिनर था, स्पेशलिस्ट स्पिनर टैग पर बोले मैक्सवेल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने 2015 विश्व कप को याद किया है कि कैसे उनकी टीम यह महत्वपूर्ण टूनामेंट जीती थी। 2015 संस्करण में मैक्सवेल ने 6 विकेट लिए थे लेकिन रविवार को चेन्नई में भारत के खिलाफ पहले मुकाबले में उन्हें विकेट नहीं मिली। बहरहाल, मैक्सवेल ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि मैं 2015 में नंबर 1 स्पिनर था। मुझे नंबर 2 पर वापस भेज दिया गया है। जाहिर है, अलग-अलग परिस्थितियां हैं। गेंद अच्छी जा रही है। मैंने किसी विशेष चीज पर काम नहीं किया है। भारत के खिलाफ मुकाबले पर मैक्सवेल ने कहा कि आखिरी कुछ ओवरों में गेंद थोड़ा अलग था। मैं गेंद पर 5 उंगलियां डाल रहा था और उम्मीद कर रहा था कि वह उछाल ले। ऑस्ट्रेलिया का अगला मुकाबला अब साऊथ अफ्रीका के साथ लखनऊ के मैदान पर होना है जोकि स्पिनरों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लखनऊ की पिच को आइपीएल 2023 सीजन और साल की शुरूआत में भारत और न्यूजीलैंड के बीच कम स्कोर वाले टी20 ई मैच के बार खराब रेटिंग मिली थी। तब क्यूरेटर को भी बर्खास्त कर दिया गया है। इस पर मैक्सवेल ने कहा कि मुझे इसके बारे में पता है। अब लग रहा है कि यहां उन्होंने पूरा मैदान तोड़ दिया है। भारत ने भी यहां एक टी20 खेला था जहां उन्हें लक्ष्य का पीछा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। मैक्सवेल ने कहा कि अगले कुछ मैचों में हमारे सामने जो भी परिस्थितियां आएंगी, हम उसके लिए तैयार हैं।

## 'उतना कूल नहीं रहता, धोनी से तुलना पर बोले हरमनप्रीत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** एशियाई खेल चैंपियन भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह महान क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से तुलना पसंद नहीं करते और उनका मानना है कि वह मैदान पर धोनी की तरह शांतचित्त नहीं रहते। एशियाई खेलों में 13 गोल करने वाले हरमनप्रीत की धोनी से तुलना महान हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै ने की थी। हरमनप्रीत ने कहा, मैदान पर मैं कभी शांत नहीं रहता। मैं आक्रामक रहता हूं लेकिन मैदान के बाहर शांत रहने की कोशिश करता हूं।' भारत को 2011 विश्व कप दिलाने वाले धोनी को दबाव के क्षणों में शांत रहने के लिये कैप्टन कूल' कहा जाता है। हरमनप्रीत ने कहा, मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि मेरी तुलना धोनी जैसे महान खिलाड़ी से हुई लेकिन मैं मैदान पर उतना कूल नहीं रहता।' पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बाद अब भारतीय टीम राहत की सांस ले रही है और अब नजरें पेरिस में पदक का रंग बदलने पर लगी है। हरमनप्रीत ने कहा, एक खिलाड़ी के तौर पर आप कभी संतुष्ट नहीं रहते। आपको अपना सपना पता होता है। स्वर्ण जीतने के बाद अगली बार आप उसे बरकरार रखना चाहोगे। उन्होंने कहा, पिछली बार हमने ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई नहीं कर पाने का दवाब झेला था। अब हमारे जेहन में साफ है कि हम क्वालीफाई कर चुके हैं और बिना किसी दबाव के ओलंपिक की तैयारी करेंगे। अब पदक का रंग बेहतर करना है।' उन्होंने कहा, इस टीम की सबसे अच्छी बात यह है कि सारी बात खुलकर होती है। टीम में काफी प्रतिस्पर्धा है और हर खिलाड़ी अहम है। सभी एक दूसरे के खिलाफ स्पर्धा करते हैं, एक दूसरे की मदद करते हैं क्योंकि हम अधिकांश समय परिवार से दूर शिविर में बिताते हैं। हम एक दूसरे से सब कुछ साझा करते हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि बेहतरीन ड्रैग फ्लिकरों की मौजूदगी से भारत का विश्व हॉकी मे कद ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा, टीम लगातार अच्छा खेल रही है। हम किसी मैच में दबाव में नहीं आए। पहले हमारे पास स्तरीय ड्रैग फ्लिकर नहीं थे जैसे पाकिस्तान के पास सोहेल अब्बास था। लेकिन अब हमारे पास हरमनप्रीत, अमित रोहिदास और वरूण कुमार है।'




## भारतीय सब जूनियर पुरुष व महिला हॉकी टीम नीदरलैंड दौरे के लिए रवाना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमें 13 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक खेले जाने वाले अपने पहले अंतरराष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए मंगलवार तड़के नयी दिल्ली से एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) के लिए रवाना हो गईं। दौरे पर भारतीय सब जूनियर पुरुष हॉकी टीम कप्तान मनमीत सिंह राय के नेतृत्व में नीदरलैंड्स बॉयज अंडर-18 और अंडर-16 टीमों से भिड़ेगी। भारतीय सब जूनियर महिला हॉकी टीम, कप्तान भाव्या के नेतृत्व में नीदरलैंड गर्ल्स अंडर-18 और अंडर-16 टीमों के साथ मुकाबला करेगी। हॉकी इंडिया के अनुसार भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमों के अंडर-18 टीमों के खिलाफ मैच 14 अक्टूबर को होंगे जबकि अंडर-16 टीमों के खिलाफ मैच 15 और 16 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इसके अतिरिक्त इस दौरे के हिस्से के रूप में भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला दोनों टीमें 13 अक्टूबर को नीदरलैंड के एक सीनियर क्लब की पुरुष और महिला टीमों के खिलाफ मैत्रीपूर्ण मैच भी खेलेंगी। दौरे को लेकर भारतीय सब जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा, यह दौरा सिर्फ प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है, यह इन युवा खिलाड़ियों के समर्पण और हॉकी इंडिया के जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रम के दृष्टिकोण का एक प्रमाण है।

